**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 20.06.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कल देश भर के साथ द्वीपसमूह में भी सामूहिक योग प्रदर्शन किए जाएंगे।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा सरकार सुगम्य भारत अभियान के जरिए दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
- यातायात पुलिस द्वारा सभी मोटर वाहन चालकों से बच्चों की सुरक्षा के लिए सीट बेल्ट का उपयोग करने का सख्ती से निर्देश।
- पुराने सी सी एस जंक्शन से डेरीफार्म तक की सड़क मार्ग को अगले आदेश तक एक–तरफा घोषित किया गया है।

<><><><><><><>

संस्कृति मंत्रालय 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश के एक सौ प्रमुख पर्यटन स्थलों और 50 अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्रों का आयोजन कर रहा है। ये सत्र विशाखापत्तनम में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रमुख योग कार्यक्रम के पूरक होंगे। विशाखापत्तनम योग आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग लेंगे। द्वीपसमूह में प्रशासन के विभिन्न विभागों में कल सुबह छः बजकर बीस मिनट से सात बजकर पचास मिनट तक 'योग संगम' –सामूहिक योग प्रदर्शन किया जाएगा। आयुष की योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नन्दिनी ने बताया कि इसके लिए विभिन्न स्थानों का चयन किया गया है।

डॉ. नन्दिनी ने कहा कि मुख्य समारोह गर्ल्स स्कूल के सभागार में आयोजित किया गया है, जिसमें उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी भाग लेंगे।

इस बीच, पर्यटन विभाग की ओर से कल एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर समुद्र तट योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव तीनों ज़िलों के संबंधित उपायुक्तों और विभागों के सहयोग से द्वीपों के सभी लोकप्रिय समुद्री तटों पर आयोजित होगा। सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी चिन्हित समुद्र तटों पर एक साथ सामूहिक योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्बाइंस कोव समुद्री तट पर आयोजित कार्यक्रम में आसन, प्राणायाम और क्रिया से युक्त योग प्रतियोगिताएं होंगी।

<><><><><><><>

ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल मनाया जाएगा। इस सिलसिले में कल विशाखापत्तनम के योग संगम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होने के कार्यक्रम का आकाशवाणी श्री विजयपुरम से सुबह साढ़े छः बजे से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस रिले को देखते हुए कल प्रादेशिक समाचार सुबह सात बजकर पांच मिनट के बजाय सुबह छः बजकर पन्द्रह मिनट पर प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 समारोह के एक हिस्से के रूप में, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैंपबेल बे और गांधी नगर में योग पर जागरूकता कार्यक्रम और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक शीलावती ने कॉमन योग प्रोटोकॉल 2025 का प्रदर्शन किया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जीवन के सभी क्षेत्रों में दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीकों की मदद से दिव्यांगजन मुख्यधारा में प्रभावी रूप से योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति आज देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान में विद्यार्थियों को संबोधित कर

रही थीं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि यह नीति अन्य बच्चों की तरह ही दिव्यांग बच्चों के लिए भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुँच सुनिश्चित करती है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सरकार सुगम्य भारत अभियान के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और समाज में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार यातायात पुलिस सभी मोटर वाहन चालकों, विशेष रूप से अभिभावकों से बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया है। मोटर वाहन अधिनियम, 2019 के तहत कोई भी व्यक्ति, जो 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे के साथ मोटर वाहन चलाता है और जो सुरक्षा बेल्ट का उपयोग नहीं कर रहा है, उस पर 1,000 रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसा देखा गया है कि अभिभावकों द्वारा बच्चों को सनरूफ के माध्यम से खड़ा होने देना, गाड़ी चलाते समय चालक की गोद में बैठना, या कार के अंदर घूमने देना बेहद खतरनाक हैं। कम गति की टक्कर या अचानक ब्रेक लगाने के दौरान भी, ऐसे अनियंत्रित बच्चों के गंभीर रूप से घायल होने का खतरा होता है। इन जोखिमों को देखते हुए, ट्रैफ़िक पुलिस ने 14 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को या तो सीट बेल्ट या बच्चे की उम्र और आकार के आधार पर उपयुक्त चाइल्ड रेस्ट्रेंट सिस्टम इस्तेमाल करने की अपील की है। माता–पिता को उचित CRS प्राप्त करने और उसका उपयोग शुरू करने के लिए एक महीने की छूट दी गई है। इसके अलावा बच्चों को वाहन की पिछली सीट पर बैठाने का अनुरोध किया गया है। यातायात पुलिस ने इन दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा है।

<><><><><><><>

पुराने सी सी एस जंक्शन से विजय बाग होते हुए डेरीफार्म तक सड़क मार्ग को एक–तरफा घोषित किया गया है। अब 12 या उससे अधिक पहिया वाले वाहनों को छोड़कर सभी बसों और भारी वाहनों को विजय बाग मार्ग से भेजा जाएगा, जिसमें डेरीफार्म से प्रवेश और पुराने सी सी एस जंक्शन से निकासी होगी। इसी प्रकार दुपहिया वाहनों को छोड़कर किसी भी वाहन को पुराने सी सी एस जंक्शन से विजय बाग रोड होते हुए डेरीफार्म की ओर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो अगली सूचना तक प्रभावी रहेगा।

<><><><><><><>

अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत समाज कल्याण निदेशालय ने ब्रह्माकुमारीज के साथ मिलकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक बुनियादी स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया। अट्टम पहाड़ स्थित उल्लास होम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन तकनीकों पर आवश्यक ज्ञान प्रदान करके स्वस्थ को बढ़ावा देना था। ब्रह्माकुमारीज की बहन शर्मिष्ठा ने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी और योग तथा ध्यान पर एक सत्र भी आयोजित किया।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2025–2026 के लिए विभिन्न डिग्री पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ा दी है। प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवार 30 जून तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से अंडमान लॉ कॉलेज के सामने कलवर्ट निर्माण कार्य के चलते कल और बाईस जून को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती श्री विजयपुरम और आस–पास के क्षेत्रों में सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगी।

<><><><><><><>